सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 15 | इंदौर, शुक्रवार 26 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

कटनी में दर्दनाक हादसा

## पंप लगाने कुएं में उतरे चाचा-भतीजे और भाइयों की मौत

### नौ घंटे बाद बाहर निकाले गए शव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी।** मध्य प्रदेश के कटनी जिल में एक दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। यह सभी लोग कुंए में सबमर्सिबल पंप लगाने के लिए नीचे उतरे थे। कुएं में बन रही जहरीली गैस की चपेट में आने से सभी बेसुध हो गए। करीब नौ घंटे बाद उन्हें बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया। जहां, जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मरने वाले दो लोग चाचा भतीजे और दो पड़ोस में रहने वाले चचेरे भाई हैं।

घटना कटनी जिले के एनकेजे थाना क्षेत्र के जुहली गांव की है। यहां रहने वाले रामकुमार दुबे ने हाल ही में अपने खेत में बने कुएं में बोरिंग कराई थी। जिसमें सबमर्सिबल पंप डालने के लिए चाचा और भतीजा कुएं में नीचे उतरे थे। लेकिन, उन्हें कुछ दिक्कत हो रही थी। ऐसे में उन्होंने पड़ोस में रहने वाले कुशवाहा परिवार के लोगों से मदद मांगी। कुशवाह परिवार के 2 चचेरे भाई भी उनके साथ कुएं में उतर गए। कुछ देर बार चारों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी और उनका दम घुटने लगा, कुछ ही देर में चारों अंदर बेहोश हो गए।

घटना की सूचना प्रशासन को दी गई, जिसके बाद कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और एसपी अभिजीत रंजन समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। कलेक्टर दिलीप यादव ने बताया कि कुएं में बेसुध हुए चारों लोगों को बचाने के लिए उमरिया जिले से कोल माइंस की स्पेशल टीम बुलाई गई। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद रात 1:35 बजे सभी को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर दिलीप यादव, एसपी अभिजीत रंजन और विधायक संदीप जायसवाल मौके पर पहुंचे। एसडीईआरएफ की टीम को बुलाया गया, लेकिन उनके पास जहरीली गैस से बचने के उपकरण नहीं थे। उमरिया जिले से कोल माइंस की स्पेशल टीम एसईसीएल को बुलाया गया, जिन्होंने करीब 1 घंटे के ऑपरेशन के बाद चारों शवों को बाहर निकाला।

# बीजेपी नेता प्रभात झा का निधन

## गुरुग्राम के अस्पताल में ली अंतिम सांस

## बिहार में सीतामढ़ी के कोरियाही गांव में होगा अंतिम संस्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** बीजेपी के सीनियर लीडर और पूर्व मध्यप्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा का निधन हो गया है। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में आज सुबह 5 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। 67 वर्षीय झा लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके बेटे अयत्न ने कहा कि अंतिम संस्कार शनिवार दोपहर 12 बजे बिहार के सीतामढ़ी जिले के कोरियाही गांव में होगा। प्रभात झा को करीब 26 दिन पहले भोपाल के एक निजी अस्पताल से एयरलिफ्ट कर गुरुग्राम ले जाया गया था।

### एक नजर प्रभात झा के जीवन पर..

प्रभात झा मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे। उनका जन्म 4 जून 1957 को बिहार के दरभंगा के हरिहरपुर गांव में हुआ था। वे परिवार के साथ मध्यप्रदेश के ग्वालियर आ गए थे। प्रारंभिक शिक्षा के बाद प्रभात झा ने ग्वालियर के पीजीवी कॉलेज से बीएससी, माधव कॉलेज से राजनीति शास्त्र में एमए और एमएलबी कॉलेज से एलएलबी की डिग्री ली। उनकी शादी रंजना झा से हुई थी। दो बेटे हैं। बड़े बेटे तुष्मुल और छोटे अयत्न झा हैं। शादी के बाद वे पत्रकारिता करने लगे। लंबे समय तक पत्रकारिता के बाद वे राजनीति में आए और बीजेपी के सदस्य बने। प्रभात झा बीजेपी के मुखपत्र 'कमल संदेश' के संपादक रहे। उन्होंने कई किताबें भी लिखीं।



श्रद्धासुमन समर्पयामि
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट परिवार

### राजनीति दलों ने दी श्रद्धांजलि

प्रभात झा के निधन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ समेत सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# भोपाल में तेज बारिश, रतलाम में घरों में घुसा पानी

## रायसेन में दो फीट तक जलभराव; इंदौर समेत 21 जिलों में अलर्ट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में मानसून एक्टिविटी की वजह से भोपाल, गुना और विदिशा में शुक्रवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। उज्जैन और राजगढ़ में हल्की बारिश है। रतलाम में गुरुवार रात भारी बारिश का पानी घर-दुकानों में घुस गया। वहीं, मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में भोपाल समेत 5 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।**

मध्यप्रदेश में अब तक सामान्य 15.2 इंच बारिश हो चुकी है। यह एवरेज से 1% ज्यादा है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल संभाग में एवरेज से 3% ज्यादा पानी गिर चुका है जबकि पूर्वी हिस्से- रीवा, सागर, जबलपुर और शहडोल संभाग में 1% कम बारिश हुई है। हालांकि, लगातार तेज बारिश होने से आंकड़ा बढ़ रहा है।

### आज इन जिलों में बारिश का अनुमान

इन जिलों में भारी बारिश का अलर्टः भोपाल, राजगढ़, सीहोर, रायसेन के सांची और भीमबेटका, बालाघाट में आकाशीय बिजली चमकने या गिरने के साथ भारी बारिश हो सकती है।

**इन जिलों में मध्यम बारिशः** गुना, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम के पचमढ़ी, छिंदवाड़ा, पांढ़ुर्णा, विदिशा के उदयगिरि में मध्यम बारिश हो सकती है।

**इन जिलों हल्की बारिशः** छतरपुर के खजुराहो, सिवनी, मंडला, डिंडौरी, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर के अमरकंटक, आगर-मालवा, उज्जैन, इंदौर, हरदा, बैतूल, सागर, दमोह, अशोकनगर, श्योपुर, भिंड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया के रतनगढ़, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, रतलाम के धोलावाड़, मंदसौर, टीकमगढ़, पन्ना में भी बारिश होने का अनुमान है।

# एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर में 100 से अधिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट गर्व और सम्मान के साथ चिकित्सा क्षेत्र में इंदौर के बढ़ते कदम है

## नियंत्रित जीवन चर्या, शुद्ध और पौष्टिक खानपान की जागरूकता प्रयास हेतु चिकित्सक आगे आएं : मंत्री श्री विजयवर्गीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रक्त कैंसर एवं रक्त जनित बीमारियों से पीडितों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट से नया जीवन मिला है। इंदौर का महात्मा गांधी स्मृति मेडिकल कॉलेज प्रदेश का एकमात्र ऐसा शासकीय चिकित्सा संस्थान बन गया है जहाँ बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट द्वारा 6 वर्षों में 100 रक्त जनित बीमारी के मरीजों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट करते हुये सफलतापूर्वक इलाज किया गया है। यह बहुत गर्व और सम्मान के साथ चिकित्सा क्षेत्र में इंदौर के बढ़ते कदम है। एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर के चिकित्सकों एवं स्टाफ सदस्यों की कड़ी मेहनत से आमजन के मन में शासकीय चिकित्सालय में जटिल इलाज की संभावना के मिथक को तोडा है। यह बात नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज द्वारा बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट द्वारा 6 वर्षों में 100 से अधिक व्यक्तियों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट किये जाने पर चिकित्सकों, मेडिकल स्टाफ एवं सहयोगी संस्थाओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट सहित अन्य चिकित्सकगण उपस्थित थे।






श्री विजयवर्गीय ने कहा वर्तमान अव्यवस्थित दिनचर्या और खानपान की शैली से कई बीमारियां बढ़ रही है। दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में कैंसर, शुगर और ब्लड प्रेशर की समस्याएं सामने आ रही है। नियंत्रित जीवन चर्या और शुद्ध व पौष्टिक खानपान जागरूकता हेतु चिकित्सक आगे आएं। श्री विजयवर्गीय ने आह्वान किया कि इन्दौर को बोन मैरो ट्रांसप्लांट की राजधानी बनाने तथा इसके और अधिक प्रसार किया जाए। इसके लिए अन्य चिकित्सकों और स्टाफ को प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने हृदय रोग से बचाव के लिए जागरूकता हेतु विशेष पहल की बात कही। उन्होंने एमजीएम मेडिकल कॉलेज इन्दौर को बोन मैरो ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में विस्तार के लिए हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया।

कार्यक्रम को जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने संबोधित करते हुए कहा कि इंदौर ने स्वच्छता में जिस तरह से कार्य किया अब बोन मैरो ट्रांसप्लांट के सफल 100 से अधिक ऑपरेशन करके स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान रचा है। चिकित्सकों एवं स्टाफ टीम का प्रयास अद्भुत है। इंदौर स्वच्छता, शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहा है। यह इंदौर सहित म.प्र. के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कैंसर अथवा रक्त जनित बीमारी किसी भी परिवार को आर्थिक और मानसिक रूप से तोड देती है। ऐसे में बोन मैरो ट्रांसप्लांट का निशुल्क इलाज चिकित्सा क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि है और पीड़ित परिवार को आर्थिक के साथ-साथ मानसिक संबल प्रदान करने वाली पहल है।

उन्होंने चिकित्सकों के इस प्रयास को निरंतर जारी रखते हुए अधिक से अधिक पीडितों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार स्वच्छ, शिक्षित और बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने के लक्ष्यों के साथ कार्य कर रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय दीक्षित ने स्वागत उदबोधन दिया। उन्होंने बोन मैरो ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया और इंदौर में प्रारंभ की गई यूनिट तथा अब तक की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में भारतीय मूल के भोपाल निवासी अमेरिका से आए चिकित्सक डॉ. प्रकाश सतवानी, डॉ. सुधीर कटारिया, डॉ. उपेन्द्र जैन, डॉ. राहुल भार्गव, एम्स नई दिल्ली से आई डॉ. तुलिका सेठ, डॉ. प्रीति मालपानी, चाचा नेहरू चिकित्सालय की एसोसिएट डॉ. प्राची चौधरी ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट व्यक्तियों के वीडियो का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मां सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बोन मैरो ट्रांसप्लांट करने वाले चिकित्सकों, नर्सेस, बीएमएस यूनिट स्टाफ सदस्यों तथा सीएसआर मद से आर्थिक मदद करने वाले संस्थानों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के अधीक्षक डॉक्टर सुमित शुक्ला, बडी संख्या में चिकित्सक, स्टाफ सदस्य, गणमान्यजन आदि उपस्थित थे।

# अब पांच ईसाई लोगों ने की घर वापसी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गुरुवार को एक ईसाई परिवार के पांच लोगों ने घर वापसी की है। ये सभी मूल रूप से देवास के हैं और कुछ समय से खजराना में रह रहे थे। इनका कहना है कि हम सनातन धर्म से काफी प्रभावित हैं इसलिए घर वापसी की है।

सुबह 11.30 बजे ये सभी खजराना स्थित पाटीदार धर्मशाला पहुंचे। यहां विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में शुद्धिकरण हुआ। फिर हवन पूजन के बाद ये सभी खजराना मंदिर पहुंचे और गणेशजी के दर्शन किए। अब इनके नाम एंजिल से आर्यन, रोजी से बुलबुल, मैरी से उषा, रोनाल्ड से राहुल और रुही से ऋतु हो गए हैं। इनमें रोजी की उम्र 3 वर्ष हैं। आज इसे मौके पर विहिप या बजरंग दल से कोई बड़ा पदाधिकारी उपस्थित नहीं था। कार्यकर्ताओं का कहना है वरिष्ठ पदाधिकारी प्रवास पर हैं।

# इंदौर से खजुराहो के लिए सीधी फ्लाइट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर से खजुराहो के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। इस मार्ग पर पहली बार सीधी उड़ान आज से शुरू होने जा रही है। उड़ान का संचालन पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा के अंतर्गत फ्लाय ओला कंपनी द्वारा किया जाएगा। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर इस उड़ान की बुकिंग भी शुरू कर दी है और इंदौर से यह उड़ान पूरी तरह फुल भी हो चुकी है। वहीं खजुराहो से इंदौर आने वाली फ्लाइट की सीट खाली बताई जा रही है। मध्यप्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा दिल्ली की जेट सर्व एविएशन प्रा. लि. (फ्लाय ओला) कंपनी के साथ मिलकर प्रदेश के 8 शहरों के बीच हवाई सेवा शुरू की है। इसी कड़ी में कंपनी पहली बार इंदौर से खजुराहो के लिए सीधी उड़ान शुरू करने जा रही है। इसका संचालन भी 6 सीटर विमान के साथ ही किया जाएगा। कंपनी ने एक ओर का किराया डिस्काउंट के बाद 6300 रुपए रखा है। इसमें भोपाल के यात्री भी वाया इंदौर सफर कर सकेंगे। आज से संचालित होने वाली इस फ्लाइट के लिए इंदौर से सभी सीटें बुक बताई जा रही है, वहीं खजुराहो से इंदौर आने वाली फ्लाइट की सभी सीटें खाली हैं।

# अवैध कॉलोनियों के निर्माणों को तोड़ा गया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा दिए गए निर्देशानुसार अवैध कॉलोनी के बसाहट पर कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी सिलसिले में आज जिला प्रशासन के अमले द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। आज अनेक अवैध कॉलोनी के निर्माणों को तोड़ा गया।एसडीएम श्रीमती कल्याणी पांडे ने बताया कि आज राजस्व और ग्रामीण विभाग के अमले द्वारा अनुभाग भिचोली हप्सी ग्राम सनावदिया स्थित अतुल अग्रवाल द्वारा एक एकड़ में निर्मित किए गये अवैध कॉलोनी की रोड और विजेता पति संदीप मारू की एक एकड़ में निर्मित अवैध कॉलोनी की रोड एवं बाउंड्री को तोड़ा गया। साथ ही जामन्याखुर्द में सूरज पिता घनश्याम द्वारा अवैध कॉलोनी में अवैध रूप से निर्मित सड़क भी हटाई गई।

# पहली बार एमवाय अस्पताल में हुई हाथी पांव की सर्जरी

**इंदौर। आमतौर पर हमारे हाथ-पैर में सूजन आती है तो हम इसे सामान्य समझ लेते हैं लेकिन यह हाथी पांव रोग भी हो सकता है। इसे लिम्फिडिमा बीमारी कहा जाता है। झाबुआ निवासी 35 वर्षीय महिला करीब दो वर्ष से लिम्फिडिमा बीमारी से ग्रसित है।**

कई बार इलाज भी करवाया, लेकिन कोई इस बीमारी को समझ नहीं पाया। वह इसे चर्बी समझ रही थी। जब महिला सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में आई तो जांच में बीमारी का पता चल पाया। इस पर विशेषज्ञों की टीम ने लिम्फेटिकोवेनस एनास्टोमोसिस नाम की सुपर फाइन माइक्रो सर्जरी (एलवीए) की। करीब दो घंटे तक चली सर्जरी के बाद अब महिला को आराम मिला है। सर्जरी करने वाले प्लास्टिक सर्जन डॉ. जुबिन सोनाने और डॉ. सौरभ गुप्ता ने बताया कि लिम्फिडिमा बीमारी जन्मजात, एक्सीडेंट और संक्रमण के कारण होती है।स्तन कैंसर की सर्जरी के बाद महिलाओं के हाथों में सूजन आती है। यह बीमारी उनमें सामान्य है। क्योंकि कैंसर के उपचार के कारण लिम्फ नोड को हटा दिया जाता है। शरीर में खून की नसों के अलावा लिम्फ की धमनियां भी होती हैं।कई बार लिम्फ की धमनियां ब्लाक हो जाती हैं। इस सर्जरी में खून की नसों में लिम्फ की धमनियों को जोड़ देते हैं, जिससे जो लिम्फ का जो प्रभाव रुक जाता है, वह ठीक होने लगता है। इससे सूजन भी कम हो जाती है। डॉक्टरों ने बताया कि प्रदेश में पहली बार किसी शासकीय अस्पताल में एलवीए सर्जरी की गई है। देश में यह सर्जरी काफी कम सेंटर पर ही होती है। अब तक इस बीमारी का इलाज पैर में पट्टा बांधकर किया जाता रहा है, लेकिन अब आधुनिक तरीके से इसका इलाज किया जा रहा है।



# एपल के डुप्लीकेट प्रोडक्ट बेच रहे थे

## गुजरात से आए मैनेजर ने की शिकायत, पुलिस ने दी दबिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ऑर्बिट माल में एपल कंपनी की एसेसरीज और प्रोडक्ट बेचे जाने पर पुलिस ने कार्रवाई की है। गुजरात से आए निजी कंपनी के मैनेजर के साथ पुलिस ने दबिश देकर कॉपीराइट एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है।**

विजयनगर टीआई सीबी सिंह के मुताबिक विशाल जडेजा निवासी मुंबई की शिकायत पर पंकज पुत्र दिनेश दबाने निवासी श्यामाचरण शुक्ल नगर, विवेक पुत्र विश्वनाथ सिंह राजपूत निवासी मालवीय नगर, कुलदीप पुत्र दरियाव सिंह चौहान, पंकज पुत्र दिनेश दबाने, चंदन पुत्र राधेश्याम सोनी और अनिरुद्ध पुत्र ओमप्रकाश झा के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

विशाल के मुताबिक वह ग्राफिन आईपी सर्विसेस कंपनी अहमदाबाद में कार्यरत हैं। जो एपल कपंनी के मोबाइल और एसेसरीज बेचती है। उन्हें जानकारी मिली थी कि इंदौर के ऑर्बिट मॉल में कंपनी के डूप्लीकेट सामान बेचे जा रहे हैं।

उन्होंने पुलिस से शिकायत कर यहां छापा मारा। यहां से काफी संख्या में एयरपॉड, मोबाइल कवर, पॉवर बाँक चार्जर और अन्य एसेसरीज जब्त की गई है। जेल रोड पर सहित अन्य थाना इलाकों में भी इस तरह की कार्रवाई की गई है।

## गिरते पानी में घरों पर चला बुलडोजर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** न्याय नगर में शुक्रवार सुबह भारी बारिश के बीच अवैध मकानों को तोडऩे नगर निगम की टीम पहुंची। यहां करीब 10 मकानों को जमींदोज कर दिया गया। 20 साल से कोर्ट में चल रहे प्रकरण में 35 मकान तोड़े जाना है। मामले में 6 अगस्त को फिर से सुनवाई होना है। निगम ने 10 मकान तोडऩे के बाद सुबह 11 बजे कार्रवाई रोक दी। उन्हें 6 अगस्त तक की मोहलत दी गई है। यहां 7 एकड़ के करीब जमीन खाली कराई जाना है। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम ने कार्रवाई की। इस दौरान एक महिला की तबीयत बिगड़ गई। कार्रवाई के विरोध में रहवासी जेसीबी के सामने लेट गए।

## निजी अस्पताल में मासूम से हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लसूडिया इलाके में एक निजी अस्पताल में एक 17 साल के किशोर के साथ अन नेचुरल सेक्स का मामला सामने आया है। अस्पताल के वार्ड बॉय पर आरोप लगे हैं। वरिष्ठ अफसरों के मुताबिक बच्चा गंभीर बीमारी से जूझ रहा है। नाबालिग के माता-पिता ने एफआईआर दर्ज कराने की बात से इनकार किया है। मामला इंदौर के एक बड़े अस्पताल से जुड़ा हुआ है। बताया जाता है कि यहां 17 साल के नाबालिग के साथ वहीं के वार्ड बॉय ने गंदी हरकत कर दी। पुलिस के वरिष्ठ अफसरों ने इस मामले में बच्चे के माता-पिता से बात की। लेकिन उन्होंने किसी तरह की कार्रवाई से इनकार किया है। अफसरों के मुताबिक बच्चा गंभीर बीमारी की लास्ट स्टेज में है। इसलिये उक्त मामले में परिवार कार्रवाई नहीं चाहता। हालांकि अस्पताल प्रबंधन से जानकारी लेकर वार्ड बॉय पर कार्रवाई की जा रही है।

## पारिवारिक झगड़े में फरार आरोपी पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खजराना में पारिवारिक विवाद में पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। उसके पास से पिस्टल नुमा लाइटर बरामद किया है। डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा की टीम ने जुनैद नाम के आरोपी को पकड़ा। जुनैद ने अपने ससुर निसार से पिस्टलनुमा लाइटर दिखाकर उसे धमकाया था। पुलिस के मुताबिक सिल्वर कॉलोनी और मैजेस्टिक कॉलोनी में रहने वाले निसार और हामिद दोनों आपस में समधी हैं। बेटी को घर भेजने की बात पर आपस में झगड़े हुए थे। दामाद जुनैद ने पिस्टल से धमकाया और उसके पिता ने रॉड से मारपीट की थी। पुलिस ने दोनों पक्षों पर कार्रवाई की है। जुनैद को पकडक़र उस पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर पिस्टल बरामद की गई।

## महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पीथमपुर के बगदून थाना क्षेत्र की घाटाबिल्लोद चौकी में बुधवार रात एक महिला ने केस दर्ज कराया है। पीड़ित महिला ने बताया कि उसका वीडियो सोशल मीडिया पर आरोपी ने पोस्ट किया है। महिला ने आरोपी राजेश (45) के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। उप निरीक्षक हिना जोशी ने बताया कि महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि राजेश नामक व्यक्ति जो घाटाबिल्लोद चोकी क्षेत्र में रहता है, उसने डरा धमका कर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। चोरी से शारीरिक संबंध बनाने का वीडियो भी बना लिया। जब मैंने राजेश का विरोध किया तो उसने वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। गुरुवार को पीडिता के मजिस्ट्रेट के सामने बयान रिकॉर्ड किए जाएंगे। आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

## गाय के हमले से तीन लोग घायल

### पकड़ने आए कर्मचारी को भी मारा सिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू में गुरुवार सुबह एक आक्रोशित गाय ने जमकर आतंक मचाया। शहर के जैन गली, तेली गली, मोती चौक सहित अन्य क्षेत्र में राहगीरों को अपना निशाना बनाया। भीड़ भरे बाजार में खरीदी और अन्य कार्यों से गुजर रहे लोगों पर गाय के हमले के कारण अफरा तफरी का माहौल बन गया।**

लोग दुकान सहित आसपास के घर में जाकर जान बचाने का प्रयास करते रहे। गाय के हमले में करीब 3 लोग घायल बताए जा रहे हैं। यादव मोहल्ले से बाजार में दूध लेने आए एक बुजुर्ग को भी गाय ने रौंद दिया। इस दौरान बुजुर्ग घायल हो गया, जिसे चोट लगी। तभी रहवासियों ने उसे प्राथमिक इलाज दिया।

लोगों ने मामले की सूचना कैंट बोर्ड के जिम्मेदारों को दी। जिसके बाद कैंट बोर्ड की टीम ने दोपहर में रस्सी के सहारे घेरा बनाकर गाय को पकड़ा। गाय को पकडऩे के दौरान कैंट बोर्ड का कर्मचारी धीरज चौहान भी घायल हो गया।

## दरभंगा के लिए सुपरफास्ट ट्रेन चलाने की मांग

### पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान मध्य प्रदेश ने लिखा रेल मंत्री वैष्णव को पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर से उत्तर भारत की ओर चलने वाली ट्रेनों को विस्तारित करने और नई ट्रेन चलाने की मांग को लेकर पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान मध्य प्रदेश द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर मांग की गई है।**

पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान मध्य प्रदेश के अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह और महासचिव केके झा ने पत्र में लिखा है कि पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान द्वारा विगत दो दशकों में अनेक बार रेल मंत्रियों को इंदौर से दरभंगा/जयनगर के बीच एक सुपर फास्ट ट्रेन नियमित रूप से चलाने की मांग की जाती रही है। उनकी मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है, बावजूद इसके कि इंदौर, मालवा क्षेत्र में लाखों की संख्या में पूर्वांचल के लोग निवास करते हैं। रेल मंत्रालय द्वारा इस दिशा में दो दशक बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## सराफा से 35 ग्राम सोना ले गई महिला

**इंदौर।** सराफा बाजार से दो महिला चोरों ने 35 ग्राम सोने के आभूषण चुरा लिये। वह अपने साथ दो नाबालिग बच्चों को लेकर पहुंची थी। चोरी के बाद वह करीब दो से ढाई घंटे तक बाजार में घूमती रही। सोना-चांदी व्यापारी की शिकायत के बाद पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है। सराफा पुलिस के मुताबिक बुधवार को मोहन लाल पुत्र छोटेलाल सोनी निवासी गफ्फूर खां की बजरिया थाने पहुंचे।

### श्री गंगा ट्रेडिंग कंपनी का लाइसेंस निरस्त

## मंडी सचिव को मिली थी शिकायत, फर्म के कर्ताधर्ता किसानों के साथ नहीं कर पाएंगे व्यापार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी मंडी स्थित फर्म श्री गंगा ट्रेडिंग कंपनी का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। मंडी में 7 किसानों ने इस फर्म की शिकायत की थी। किसानों ने लिखित आवेदन दिया था कि हमारी उपज क्रय होने के बाद भी भुगतान नहीं किया जा रहा। इस पर मंडी सचिव ने फर्म का लाइसेंस निरस्त कर दिया।**




कृषि उपज मंडी समिति इंदौर के सचिव नरेश कुमार परमार ने बताया शिकायत के अनुसार गंगा ट्रेडिंग कंपनी ने अरबअली के चार लाख 80 हजार, गोपाल के एक लाख 40 हजार, सागर यादव के 70 हजार, रामनारायण यादव के एक लाख 30 हजार, त्रिलोक यादव के एक लाख 79 हजार, सतीश के 2 लाख 49 हजार तथा संतोष के एक लाख 98 हजार रुपए नहीं दिए। इस शिकायत पर संबंधित फर्म से जवाब मांगा गया। जांच में पता चला कि फर्म ने किसानों का भुगतान निर्धारित पांच दिन की समय सीमा के बाद किया, जो मप्र कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 37 (2) (ग) का उल्लंघन है।

कृषि उपज मंडी समिति इंदौर द्वारा पारित प्रस्ताव क्रमांक 1 से मंडी अधिनियम 1972 की धारा 33 के तहत उपरोक्त फर्म की अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त की गई है। फर्म गंगा ट्रेडिंग कंपनी अकरम पिता नियामत खान की है। कार्रवाई के बाद अब संबंधित फर्म मंडी में किसानों के साथ किसी भी तरह का व्यापार नहीं कर सकेगी। फर्म के प्रोपराइटर भोपाल मुख्यालय में जाकर अपील कर सकते हैं।

## खड़े ट्रक से टकराई डायल 100, एसआई की मौत

**कॉन्स्टेबल सहित 2 लोग हुए घायल**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन।** खरगोन जिले में गुरुवार की सुबह सवेरे एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। इस एक्सीडेंट में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई है। वहीं, कॉन्स्टेबल सहित दो लोग घायल हुए हैं। हादसे में मृत पुलिसकर्मी बमनाला पुलिस चौकी का प्रभारी था। जिसने इलाज के लिए ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। खरगोन के एसपी धर्मराज मीणा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में बमनाला पुलिस चौकी प्रभारी संजय पांडेय (50 साल) की मृत्यु हो गई। वहीं, उनके साथ डायल 100 में सवार कॉन्स्टेबल विशाल सोलंकी और ड्राइवर हरीश सिंह चौहान घायल हो गए हैं। एसपी ने बताया कि बीती रात भीकनगांव अनुविभाग क्षेत्र में संजय पांडेय, कॉन्स्टेबल विशाल और डायल 100 के ड्राइवर के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उनका वाहन सड़क पर खड़े एक ट्रक के पीछे से टकरा गया।

## बालिका गृह से भागी लड़की जानती थी कि बॉयफ्रेंड उसे ले जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में वन स्टॉप सेंटर में बने बालिका गृह से भागी 17 साल की लड़की जानती थी कि बॉयफ्रेंड उसे ले जाएगा। उसने यह बात बालिका गृह की लड़कियों को भी बताई थी। उनसे कहा था, 'मैं गुरु पूर्णिमा (21 जुलाई) तक यहां नहीं रुकूंगी। बॉयफ्रेंड आएगा और इस कैद से आजाद कराकर दूर ले जाएगा।' ठीक ऐसा हुआ भी। 19 जुलाई की रात 1 से 2 बजे के बीच लड़की का बॉयफ्रेंड अपने 5 दोस्तों के साथ बालिका गृह में घुसा। सारी सुरक्षा को भेदते हुए लड़की को भगा ले गया। फिलहाल, पुलिस के हाथ उसके 5 दोस्त लग चुके हैं। उनसे ही यह मालूम हुआ कि लड़की को भगा ले जाने के बाद सभी मुरैना पहुंचे थे। पुलिस मुरैना पहुंची, लेकिन लड़की और उसका प्रेमी अरुण नहीं मिले। दोनों तीसरी बार भागे हैं। इसके पहले लड़की दो बार अपने घर से भाग चुकी है। पकड़े गए 5 आरोपियों में से 2 नाबालिग हैं। उन्होंने बताया कि घटना से सात दिन पहले अरुण का फोन आया था। उसने कहा था - दोस्तों की जरूरत है। एक मिशन को अंजाम देना है। प्यार को आजाद कराना है। इसके बाद सभी दोस्तों को विश्वास में लेकर कहा कि किसी को कुछ नहीं होने दूंगा। दोस्त के प्यार की खातिर सभी एक हो गए और तय किया कि अरुण के लिए कुछ भी करेंगे।

## बिजली विभाग के गार्ड की वर्दी फाड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में बिजली विभाग की टीम के साथ झूमाझटकी कर दी गई। सुरक्षा गार्ड की वर्दी फाड़ दी और पिस्टल छीनने तक की कोशिश की गई। टीम गुरुवार दोपहर 3 बजे बकाए बिल पर कनेक्शन काटने पहुंची थी। मामला कंपू थाने के अवाडपुरा मोहल्ले का है। कुछ लोगों ने आगे आकर सुरक्षागार्ड को बचाया।

**प्रेमानंद महाराज बोले**

# फिगर मेंटेन करना छोड़ें हिंदू औरतें

## पैदा करें 4-4 बच्चे, यूपी के 17 जिले हाथ से गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** मैं भागवत कथा में वह बातें कहने नहीं आया हूं जो आपके कानों को प्रिय है, बल्कि उन बातों को कह रहा हूं जो सनातन धर्म को आगे बढ़ाएगीं। वर्तमान में सभी लोग सनातन की पताका को लहराने और इस धर्म को आगे बढ़ाने की बात करते हैं, लेकिन मैं सभी को चेतावनी देते हुए कहता हूं कि अब भी संभल जाओ, उत्तरप्रदेश के 17 जिले हमारे हाथ से चले गए हैं। कुछ ऐसे ही हालात पश्चिम बंगाल के भी है, वहां भी लोग इसी समस्या से जूझ रहे हैं। असम में 5 लाख लोगों के पास कोई पासपोर्ट और वीजा नहीं है। मेरे कहने का सीधा सा मतलब यह है कि 25 साल पहले वे लोग 2 करोड़ थे, फिर 9 करोड़ हुए और अब 38 करोड़ हो चुके



हैं। अभी भी समय है, संभल जाइए नहीं तो हिंदुस्तान भी इंडोनेशिया हो जाएगा और जल्द ही आपकी गिनती भी अल्पसंख्यकों में होने लगेगी। यह बातें पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद महाराज ने उज्जैन के बड़नगर रोड स्थित मोहनपुरा में श्री बाबाधाम मंदिर (अर्जी वाले हनुमान 81 फीट) में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कही।

### फिगर मेंटेन करने की बजाय चार-चार पुत्र पैदा करें महिलाएं

प्रेमानंद महाराज ने कथा के दौरान कहा कि आज सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए महिलाओं को चार-चार बच्चे पैदा करने की आवश्यकता है। हिंदू समाज की महिलाएं 1 से 2 बच्चे करने में भी संकोच करती हैं, जबकि दूसरे समुदाय के लोग 8-8 बच्चे पैदा कर रहे हैं। हिंदू महिलाओं को चाहिए कि वे फिगर मेंटेन करने की बजाय सनातन धर्म और देश के लिए भी कुछ करें।

### तो हम करेंगे आपके बच्चों का पालन

प्रेमानंद महाराज ने कथा के दौरान कहा कि अगर आपका 2 बच्चों का टारगेट है और आप 3 कर रहें है तो चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आपके तीसरे बच्चे को हम पालन कर लेंगे। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में रामलीला टिकिट से देखी जाती है। वहां कई जगह ऐसी हैं, जहां भगवान का नाम ले लिया जाए तो काटकर फेंक दिया जाता है। हमें इन्हीं समस्याओं के लिए अभी से मंथन करने के साथ जागृत भी होना होगा।

# यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा पीथमपुर में जलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पीथमपुर।** यूनियन कार्बाइड कारखाना (यूका फैक्ट्री) के गोदाम में रखे 337 मैट्रिक टन जहरीले कचरे को पीथमपुर में जलाया जाएगा। इसकी तैयारी भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग, सेंट्रल पाल्युशन बोर्ड और पीथमपुर इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने कर ली है। वन एवं पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कचरे को यूका फैक्ट्री से इंसीरेनेटर तक पहुंचाने और निपटान के लिए 126 करोड़ रुपए का फंड ट्रांसफर कर दिया है। भोपाल गैस त्रासदी, राहत एवं पुनर्वास विभाग के अफसरों ने बताया कि कार्बाइड कारखाना के गोदाम में रखे जहरीले कचरे के निपटान का ट्रायल करीब 9 साल पहले पीथमपुर स्थित इंसीरेनेटर में हो चुका है। कचरा निपटान की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को यूका के जहरीले कचरे के निपटान के निर्देश दिए थे। साथ ही कचरे की पैकेजिंग और ट्रांसपोर्टेशन के लिए मप्र सरकार को जरूरी सुरक्षा इंतजाम किए जाने को कहा



है। यूनियल कार्बाइड कारखाना के जहरीले कचरे को पीथमपुर में सेंट्रल पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) की निगरानी में जलाया जाएगा। इतना ही नहीं कचरा निपटान के दौरान पीथमपुर के पर्यावरण पर हुए असर की मॉनीटरिंग भी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड करेगा। इसकी रिपोर्ट पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भेजी जाएगी।

## युवक की गला काटकर हत्या, एमआर-5 मार्ग पर युवक बंद दुकान में पी रहा था शराब, कुछ लोग आए और मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन के एमआर-5 मार्ग पर गुरुवार शाम को एक युवक की तीन से चार साथियों ने मिलकर हत्या कर दी। बंद दुकान के अंदर हुए घटनाक्रम की जानकारी लगते ही चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मृतक युवक के परिजनों के आने के बाद युवक का क्षेत्र के ही रहने वाले एक अन्य युवक से बुधवार रात विवाद होना सामने आया।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयंत सिंह राठौर ने बताया कि एमआर-5 मार्ग पर बंद हो चुकी रोड लाइंस की दुकान में कुछ युवक शाम 6 बजे के लगभग बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान तीन से चार युवक और पहुंचे उन्होंने अचानक एक युवक पर चाकू से वार कर दिया। युवक का गला काटने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमलावरों के साथ मृतक युवक के साथ शराब पी रहे साथी भी भाग निकले थे। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान अभय सेन (23) निवासी ढांचा भवन के रूप में की गई। परिजनों के आने पर सामने आया कि अभय स्टील की रेलिंग बनाने का काम करता था। रात में उसका क्षेत्र के रहने वाले विक्की और इरफान से झगड़ा हुआ था।

# रतलाम में 4 घंटे में 4 इंच बारिश

### ◆ सड़कें बनी तालाब, घरों में घुसा पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। रतलाम में गुरुवार शाम 4 बजे से तेज मूसलाधार बारिश ने पूरे शहर को तरबतर कर दिया है। शहर की प्रमुख सड़कों पर पानी ही पानी है। पूरे जिले में तेज बारिश के कारण नदी, नाले भी उफान पर आ गए हैं। शहर की कई क्षेत्रों में सीवरेज के कारण घरों में पानी घुस गया है। रात 8 बजे तक बारिश जारी रही।**

शहर में पिछले 4 से 5 दिनों से रिमझिम बारिश का दौर जारी था। गर्मी भी कायम थी। गुरुवार तड़के रिमझिम बारिश हुई थी। उसके बाद मौसम पूरी तरह से खुल गया। शाम 4 बजे बाद आसमान से अचानक बारिश शुरू हुई। देखते ही देखते पूरे शहर तरबतर हो गया। शहर की सड़कों ने तालाब का रुप ले लिया। रतलाम में गुरुवार शाम को 4 घंटे में 4 इंच बारिश हुई।



दो बत्ती से लेकर न्यू रोड, डीआरएम ऑफिस, नोलाई पुरा, बाजना बस स्टैंड समेत शहर की कई सड़के पूरी तरह से जलमग्न हो गई। सड़क पर पानी के कारण कई लोगों को अपने वाहन पलटाने पड़े। वाहन बंद हो गए तो कई स्थानों पर जल भराव के साथ कचरे से पटे नाले, नालियां चोक होने से गंदा पानी सड़कों पर आ गया।

शहर के काटजू नगर, जवाहर नगर, विनोबा नगर, पीएंडटी कॉलोनी, बजरंग नगर, ऊंकाला रोड, समेत कई क्षेत्रों के घरों में पानी भर गया। बारिश ने नगर निगम की लापरवाही की भी पोल खोल कर रख दी। कई क्षेत्रों में सिवरेज की नालियों से पानी ओवरफ्लो होकर लोगों के घरों में घुस गया। दुकानदारों को भी अपनी दुकाने बंद करना पड़ी।

पावर हाउस रोड स्थित सब्जी मंडी परिसर पानी से भर गया। रतलाम के अलावा बाजना, रावटी, सैलाना समेत पूरे जिले में तेज मूसलाधार बारिश ने राहत दिलाई है।

देर शाम तक चली जोरदार बारिश के कारण शहर के उकाला रोड, बजरंग नगर, दिलीप नगर,ओसवाल नगर, जवाहर नगर, विनोबा नगर, पीएंडटी कालोनी के कई मकानों के अंदर तक पानी भर गया। मुख्य चौराहों और सड़कों तक पानी के कारण लोग परेशान होते रहे। बारिश के कारण धोलावाड़ जलाशय समेत आसपास के जलाशयोंमें जल स्तर बढ़ा है।

# संपादकीय

## इंटरनेट पर फैलती लोगों की आभासी

अलग-अलग कारणों से अपने दायरे में सिमटते जा रहे लोग न केवल सामूहिकता बोध से वंचित हो रहे हैं, बल्कि कई गंभीर बीमारियों को पलने का मौका दे रहे हैं। अफसोस यह है कि स्मार्टफोन या आधुनिक यंत्रों को बहुत सारे लोग आज अपने सामाजिक संबंधों के दुनिया भर में विस्तृत होने का जरिया मानते हैं। मगर इंटरनेट पर लोगों की फैलती दुनिया कितनी आभासी है, इसका पता तब चलता है, जब किसी गंभीर मानसिक या शारीरिक परेशानी में लोग फंसते हैं और उस समय उन्हें वास्तविक दुनिया के मनुष्यों की जरूरत होती है। तब उन्हें अपने परिजन, रिश्तेदार, करीबी दोस्त याद आते हैं, जो उसे इस संजाल से निकलने में मदद कर सकते हैं। मगर तकनीक आधारित कथित आधुनिकता के मूल्यों और उसमें सिमटती दुनिया में लोग लगातार भीड़ में अकेले पड़ते जा रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि लोगों के बीच प्रत्यक्ष रूप से आपसी मेलजोल बढ़े, सहयोग पर आधारित सामाजिकता बोध की भावना मजबूत हो। सभ्यता के विकास-क्रम में कायदे से होना यह चाहिए था कि सामाजिकता की जड़ें मजबूत हों और सरोकार की संवेदना को ज्यादा से ज्यादा जगह मिले। मगर आधुनिक समाज में नए-नए तकनीकों के सहारे रोज आधुनिक होती दुनिया में मनुष्य की पहुंच का दायरा तो विस्तृत हुआ है, मगर इसी क्रम में एक नई समस्या यह पैदा हुई है कि हजारों मील दूर किसी व्यक्ति से रिश्तों के आभासी तार जोड़ने वाला कोई इंसान वास्तविक समाज के साथ जुड़ाव को महसूस करने की संवेदना खोता गया। यह बेवजह नहीं है कि बहुत सारे लोग अकेलेपन के दंश को अलग-अलग रूप में झेलते हैं, मगर इसकी वजहों और हल को लेकर उनके भीतर कोई स्पष्टता नहीं बन पाती। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस स्थिति को 'जुड़ाव न महसूस करने के सामाजिक दर्द' रूप में परिभाषित किया है। अगर कोई व्यक्ति इस समस्या के जाल में खुद को फंसा हुआ पा रहा है और उसके प्रति सहज या अनुकूलित होता जा रहा है, तो इससे ऐसे व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक सेहत में तेज गिरावट हो सकती है। एक शोध में इसका आकलन इस रूप में किया गया है कि सामाजिक जुड़ाव की भावना का अभाव हर रोज पंद्रह सिगरेट पीने के बराबर का स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है।

**अर्ज़ किया है..!**

*जब तलक अनजान थे*
*महफ़ूज़ थे हम।*
*तुमको जान लेना अब*
*जानलेवा हो गया।।*

वीरता, बलिदान और स्वाभिमान की जंग... कारगिल की कहानी...

# उन चोटियों की जुबानी, जहां भारतीय वीरों ने खून से रंग दिया बर्फ का ग्लेशियर



मैं कारगिल हूं. सिर्फ एक शब्द नहीं. स्थान नहीं. पूरे देश की भावना जुड़ी है मुझसे. मैंने वीरता देखी है. सर्वोच्च बलिदान भी. मेरे दो तरफ इस धरती के दुश्मन बैठे हैं. एक पाकिस्तान. दूसरा चीन. गिद्ध की तरह नजर गड़ाए. कैसे मौका मिले और ये मुझपर अपने झंडे गाड़ दें. कोशिश की भी. 1999 में. लेकिन दुश्मनों की चिता जलाई हमारी सेना के चीतों ने. आज मैं 1999 के जंग की कहानी अपनी उन चोटियों की जुबानी सुनाऊंगा...

मेरे कंधे और सिर पर बैठकर घुसपैठियों ने जंग शुरू तो मई में की थी. पर मैं देख रहा था कि कैसे फरवरी से ही तैयारी शुरू कर दी थी उन कायरों ने. कायर इसलिए कह रहा हूं क्योंकि छिपकर कर रहे थे. फरवरी में उनकी फौज की चार से सात बटालियन भारतीय सीमा पार करके मेरी तरफ आई थी. इसमें पाकिस्तानी स्पेशल सर्विसेस ग्रुप, नॉर्दन लाइट इंफैंट्री के लड़ाके थे. मेरी चोटियों पर करीब 132 ऊंचे प्वाइंट्स पर बेस बनाया. सर्दियों में, जब बर्फ जमी रहती है.

इन पाकिस्तानी घुसपैठियों को कश्मीरी गुरिल्ला और अफगान के कातिलों का भी साथ मिला था. लेकिन ज्यादातर घुसपैठ अप्रैल में हुई. जब थोड़ी बर्फ पिघली. घुसपैठिये निचली मुस्कोह घाटी और द्रास के मार्पो ला रिजलाइन के दूसरी तरफ से आए. कुछ कारगिल के पास मौजूद ककसर से आए. फिर बटालिक सेक्टर के पूर्व सिंधु नदी के दूसरी तरफ से. उत्तर की तरफ सीमा के उस पार चोरबट ला सेक्टर से आए. इसक अलावा सियाचिन इलाके के दक्षिण में तुरतुक सेक्टर से आए. इन सबकी आमद-रफ्त मैं देख रहा था.

मेरी ऊंचाई कम नहीं है. 6 हजार से 18 हजार फीट तक है. कठिन है. जानलेवा भी. सांसें थम जाती हैं यहां. खून नसों में ही जम जाता है. सर्दियों में यहां पाकिस्तान और भारत की सेना नहीं रहती. दोनों देशों ने यह समझौता किया था. लेकिन पाकिस्तानी आए. उस समय उनकी सेना का प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ था. उसी ने मेरी चोटियों पर कब्जा करने के लिए ऑपरेशन बद्र चलाया था. मकसद था श्रीनगर-लेह हाइवे को काट देना. ताकि दोनों देशों के बीच की सीमा की दिशा बदल जाए.

वैसे तो मेरे पूरे फैलाव में कुल 23 चोटियां हैं. सबसे ऊंची चोटी है प्वाइंट 5608. 18399 फीट ऊंची. सबसे छोटी है बारडम. करीब 14964 फीट ऊंची. धुसपैठियों का इरादा सभी चोटियों पर कब्जा करना था. लेकिन मेरी जिन चोटियों ने जंग देखा है, अब पढ़िए उनकी कहानी...

## तोलोलिंग की जंग

मेरी ये चोटी द्रास सेक्टर में मौजूद है. श्रीनगर-लेह हाइवे के ठीक सामने. तोलोलिंग पीक्स पर दो प्वाइंटस हैं. प्वाइंट 5140 और प्वाइंट 4875. ये चोटियां तोलोलिंग चोटी के पश्चिम में हैं. यहीं पर हमारे भारतीय जवानों ने सबसे ज्यादा सर्वोच्च बलिदान दिया. ये चोटियां आसान नहीं है. 16 हजार फीट ऊंची हैं. सांप जैसे रास्ते हैं यहां. लेकिन घुसपैठियों ने ऊपर के हिस्सों पर कब्जा कर लिया था. यहां पारा माइनस 5 से माइनस 11 तक रहता है. खुद ऊपर चढ़ना मुश्किल होता है. अगर साथ में हथियार हों तो और मुश्किल.

ऊपर बैठे घुसपैठिये इसी का फायदा उठा रहे थे. भारतीय वीर एक-एक इंच आगे बढ़ रहे थे. लेटकर. भारतीय सेना ने अपने 13 जेएके राइफल्स, 18 गढ़वाल राइफल्स और 1 नगा को तीन तरफ से हमला करने को कहा. साथ ही आर्टिलरी फायरिंग होती रही. भारत की तरफ से गोले बरस रहे थे. यही वो समय था जब कैप्टन विक्रम बत्रा ने हाथों से लड़ाई करके चार घुसपैठियों को मार गिराया. इसके बाद कैप्टन एस.एस जमवाल ने आखिरी हमला बोला. सात संगड़ उड़ाए. पाकिस्तानियों को वापस भगाया.

मैंने देखा कि अगले कुछ दिनों में भारतीय सेना के वीर जवानों ने रॉकी और ब्लैक टूथ पर वापस कब्जा जमाया. पाकिस्तानियों को ढेर किया और भगाया. यहां पर सिपाही के. अशुली शहीद हुए. वो ब्लैक टूथ पर तिरंगा लहराने के लिए एक क्लिफ पर रस्सी बांध रहे थे. तभी दुश्मन की गोली से बलिदानी हो गए. इसके साथ ही प्वाइंट 5140 और बंप 9 और 10 पर भारत ने फतह हासिल की.

## प्वाइंट 4700 और थ्री पिंपल्स

टाइगर हिल की तरफ बढ़ने से पहले भारतीय वीरों ने टारगेट किया प्वाइंट 4700 पर. तोलोलिंग और प्वाइंट 5140 से भगाए जाने के बाद पाकिस्तानी प्वाइंट 4700 और थ्री पिंपल्स पर कब्जा जमाए बैठे थे. कुछ भागे हुए घुसपैठिये यहां आकर जम गए थे. तब 18 गढ़वाल राइफल्स ने ऑपरेशन शुरू किया. ऊंचाई पर बैठे दुश्मन की तरफ से भारी गोलीबारी के बावजूद फतह हासिल की. इसके साथ ही रॉकी और संगड नाम के दो फीचर्स पर भी वापस कब्जा किया. अगली बारी थी थ्री पिंपल्स की.

थ्री पिंपल्स एक जटिल भौगोलिक संरचना है. यहां पर नोल, लोन हिल और थ्री पिंपल्स चोटियां हैं. यहां से दुश्मन भारतीय सेना के हर मूवमेंट पर नजर रख रहे थे. बोफोर्स की फायरिंग पर नजर रख रहे थे. तब 2 राजपुताना राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल एमबी रविंद्रनाथ ने मिशन लॉन्च किया. लेकिन कठिन चढ़ाई की वजह से यह धीमा पड़ गया. पाकिस्तानी ऑटोमैटिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहे थे. लेकिन भारतीय सेना ने पहले नोल, फिर लोन हिल और अंत में थ्री पिंपल्स पर कब्जा किया.

लोन हिल पर तो पाकिस्तानी MMG यानी मीडियम मशीन गन से फायरिंग कर रहे थे. लेकिन घातक प्लाटून के बहादुर कैप्टन एन. केंगुरुसे ने नंगे पांव इस पीक पर हमला बोला. चार घुसपैठियों को अकेले मार गिराया. लेकिन इस हमले में बुरी तरह जख्मी हुए. मेरी ही जमीन पर दम तोड़ दिया.

## टाइगर हिल की जंग...

सबसे ज्यादा चर्चा इसी की होती आई है. टाइगर हिल श्रीनगर-लेह हाइवे से मात्र 10 किलोमीटर दूर है. इस पर वापस तिरंगा फहराना बेहद जरूरी था. तब 192 माउंटेन ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर एमपीएस बाजवा को इस पर कब्जा करने का मिशन सौंपा गया. उन्होंने यह काम 18 ग्रैनेडियर्स और 8 सिख के जवानों को सौंपा. इनकी मदद के लिए भारतीय सेना की क्रैक टीम थी. ये टीम हाई एल्टीट्यूड वॉरफेयर स्कूल से आई थी. इसके अलावा आर्टिलरी और कॉम्बैट सपोर्ट दिया जा रहा था. क्योंकि यह चोटी 16500 फीट ऊंची थी.

टाइगर हिल पर कई दिशाओं से भारतीय सेना ने हमला बोला. साथ में बोफोर्स तोप के गोलों और मल्टीबैरल रॉकेट लॉन्चर की मदद मिल रही थी. इससे पहले भारतीय वायुसेना के फाइटर जेट्स ने टाइगर हिल पर भयानक बमबारी और मिसाइलें दागीं. उस समय यह चोटी पाकिस्तान के 12 नॉर्दन लाइट इंफ्रैंट्री के कब्जे में थी. 3 जुलाई की रात 18 ग्रैनेडियर्स ने चढ़ाई शुरू की. भयानक खतरनाक मौसम था. जानलेवा चढ़ाई के साथ. लेकिन पाकिस्तानी भी कम चालाक नहीं थे. वो इस टुकड़ी पर तीन तरफ से फायरिंग कर रहे थे. वो भी ऊंचाई से.

तब कैप्टन सचिन निंबालकर को एक कंपनी के साथ पीक से 100 मीटर नीचे सिक्योर करने को भेजा गया. जबकि यह बेहद खतरनाक था. लेफ्टिनेंट बलवान सिंह की घातक प्लाटून पीक से मात्र 30 मीटर नीचे थी. बोफोर्स की बमबारी का सहारा लेकर दोनों कंपनियों ने चोटी की तरफ चढ़ाई शुरू की. उन्होंने दुश्मन को ऐसा चकमा दिया कि वो आज भी उसके बारे में सोच कर दहल जाते होंगे.  उधर, पाकिस्तान ने भी शेलिंग शुरू कर दी थी. इससे दोनों तरफ के सैनिकों की जान जा रही थी. पाकिस्तान को हराने के लिए उनकी सप्लाई लाइन तोड़नी जरूरी थी.

5 जुलाई को 8 सिख बटालियन ने यह काम पूरा किया. तब जाकर 18 ग्रैनेडियर्स ने टाइगर हिल की चोटी को पूरी तरह से साफ करके तिरंगा लहराया. यहीं पर परमवीर चक्र विजेता ग्रैनेडियर योगेंद्र सिंह यादव घातक प्लाटून के साथ जंग में बुरी तरह जख्मी हुए थे. घुसपैठियों के संगड़ में हथगोले फेंके. उन्हें राइफल से मार डाला. चार घुसपैठियों को मारने के बाद ऑटोमैटिक बंदूक से दूसरा संगड़ भी खत्म कर दिया.

## प्वाइंट 4875 की जंग...

कारगिल की जंग अब अंतिम दौर में थी. टाइगर हिल पर तिरंगा लहराने के बाद अगला टारगेट था प्वाइंट 4875. ये मुस्कोह घाटी में मौजूद चोटी है. वैसे तो यहां पर कई खतरनाक चोटियां हैं. लेकिन प्वाइंट 4875 से नेशनल हाइवे का 30 किलोमीटर लंबा इलाका दिखता था. यानी यहां से किसी भी तरफ हमला किया जा सकता था. 79 माउंटेन ब्रिगेड के ब्रिगेडियर रमेश ककर को यह मिशन सौंपा गया.

दो कंपनियों ने फ्लैट टॉप पर पहुंच कर अलग-अलग दिशाओं से दुश्मन पर हमला किया. मीडियम मशीन गन की मदद से ताबड़तोड़ फायरिंग की. यहां पर कैप्टन विक्रम बत्रा कमांड में थे. इसके बाद कैप्टन बत्रा ने पांच घुसपैठियों को आमने-सामने की लड़ाई और हाथ की लड़ाई में मार गिराया. लेकिन खुद भी शहीद हो गए. जिसके लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया.

इसके अलावा खालूबार, चोरबाट ला, कुकरथांग, जुबार जैसे प्वाइंटस पर भी छोटी जंगें हुईं. ये सभी चोटियां बटालिक सेक्टर में हैं. यहां पर मेजर सोनम वांगचुक, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडेय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. यहीं से मेरे ऊपर हुए कब्जे की कहानी खत्म होती है. लेकिन भारत के वीरों के खून से सनी मेरी चोटियां हमेशा इस बात गर्व करती रहेंगी कि भारतीय सेना है तो देश हिफाजत से है.

Jammu & Kashmir

# 'पाकिस्तान ने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा, आतंकियों के आका भी सुन लें मेरी आवाज', कारगिल में बोले पीएम मोदी

**श्रीनगर.** देश 25वां कारगिल विजय दिवस मना रहा है. इस मौके पर कारगिल युद्ध स्मारक पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्रास में शहीदों को श्रद्धांजलि दी. उन्होंने 1999 में भारत-पाकिस्तान की जंग में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर जवानों को याद किया. पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल में हमने सिर्फ युद्ध नहीं जीता था बल्कि सत्य, संयम और सामर्थ का अद्भुत परिचय दिया था. उन्होंने कहा कि भारत शांति के लिए प्रयास कर रहा था लेकिन पाकिस्तान ने अपना अविश्वासी चेहरा दिखाया था. पाकिस्तान ने अतीत में जितने भी दुष्प्रयास किए, उसे मुंह की खानी पड़ी लेकिन पाकिस्तान ने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है.



अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, 'आज लद्दाख की ये महान धरती कारगिल विजय के 25 वर्ष पूरे होने की साक्षी बन रही है. कारगिल विजय दिवस हमें बताता है कि राष्ट्र के लिए दिए गए बलिदान अमर होते हैं. दिन, महीने, वर्ष, सदियां गुजरती हैं, मौसम भी बदलते हैं लेकिन राष्ट्र की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वालों के नाम अमिट रहते हैं. ये देश हमारी सेना के पराक्रमी महानायकों का सदा-सर्वदा ऋणी है, उनके प्रति कृतज्ञ है.'

**'शहीदों को नमन करता हूं'-** उन्होंने कहा, 'मेरा सौभाग्य है कि कारगिल युद्ध के समय में सामान्य देशवासी के रूप में अपने सैनिकों के बीच था. आज जब मैं फिर कारगिल की धरती पर हूं तो स्वाभाविक है कि वो स्मृतियां मेरे मन में ताजा हो गई हैं.

New Delhi

## चीन सीमा के पास ही भारतीय सेना करेगी युद्धाभ्यास, कई देश होंगे शामिल; मंगोलिया रवाना हुई टुकड़ी



**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय सेना की एक टुकड़ी गुरुवार को बहुदेशीय सैन्य अभ्यास के लिए मंगोलिया रवाना हुई। यह सैन्य अभ्यास 27 जुलाई से 9 अगस्त के दौरान उलानबातर में होगा, जिसमें भारत और मंगोलिया समेत कई देशों की सेनाएं शामिल होंगी। यह सैन्य अभ्यास चीन की सीमा से करीब 1000 किलोमीटर की ही दूरी पर है, जिस पर उसकी भी निगाहें होंगी। इस अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए 40 भारतीय सैनिकों की एक टुकड़ी रवाना हुई है। इस सैन्य अभ्यास को KHAAN QUEST नाम दिया गया है। बीते साल भी 19 जून से 2 जुलाई के दौरान मंगोलिया में यह अभ्यास हुआ था।**

इस सैन्य अभ्यास में कई देशों की सेनाएं शामिल होंगी। इस सैन्याभ्यास की शुरुआत 2003 में हुई थी। तब मंगोलिया और अमेरिका की सेनाएं अभ्यास में शामिल हुई थीं। उसके बाद से हर साल यह मिलिट्री ड्रिल होती है। 2006 में इसमें मंगोलिया और अमेरिका के अलावा अन्य देशों को भी आमंत्रित करने की शुरुआत हुई थी। यह इस सैन्याभ्यास का 21वां वर्ष है। भारतीय सेना ने जो टुकड़ी भेजी है, उसमें 40 सैनिक शामिल हैं, जो मद्रास रेजिमेंट के हैं। इसके अलावा कुछ और सेवाओं के जवान भी लिए गए हैं। इनमें एक महिला सैन्य अफसर और दो महिला सैनिक भी शामिल हैं।

Uttarakhand

## 2 दिन में 14 कांवड़िए गंगा नदी में बहे, गंगाजल लेते वक्त मौत से सामना

**देहरादून, (एजेंसी)** यूपी, दिल्ली-एनसीआर समेत अन्य पड़ोसी राज्यों से कांवड़िए भारी संख्या में गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार पहुंच रहे हैं। पिछले दो दिनों में 14 कांवड़िए गंगा नदी में बह गए थे। एसडीआरएफ के जवानों ने कड़ी मशक्कत कर कांवड़ियों को डूबने से बचाया।

बारिश के बाद गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी उफान पर है। दूसरी ओर, कांवड़िए पुलों पर चढ़कर गंगा नदी में छलांग लगा रहे हैं। घाटों पर पुलों से गंगा में छलांग लगा कर जान जोखिम में डाल रहे हैं। बुधवार को एसडीआरएफ और जल पुलिस ने गंगा में डूब रहे सात कांवड़ियों को रेस्क्यू किया।

दो दिन में 14 कांवड़ियों को गंगा में डूबने से बचाया गया है। हरकी पैड़ी और आसपास के घाटों पर बड़ी संख्या में कांवड़िए बेरोकटोक पुलों पर चढ़ रहे हैं। कांवड़ मेले की चाक चौबंद सुरक्षा और चप्पे-चप्पे पर तैनात पुलिस बल के दावों के बीच गंगा में छलांग लगा रहे कांवड़िए पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न लगा रहे हैं।

शहर में प्रतिदिन लाखों की संख्या में शिवभक्त कांवड़िए गंगा जल लेने पहुंच रहे हैं। मेले के कारण हरकी पैड़ी पर कांवड़ियों का हुजूम जमा रहता है। हरकी पैड़ी से गंगा में कूद कर कांवड़िए घाटों

Uttarpradesh

## खेत गिरवी रख प्लेन का टिकट कराया, जेब खर्च भी दिया... लापता बेटी को खोजने के लिए गरीब मां से देवरिया पुलिस ने वसूले रुपये

**देवरिया, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के देवरिया में एक युवती को गांव का ही एक लड़का भगा ले गया. युवती के गायब होने पर उसकी मां थाने पहुंच गई और बेटी को खोजने की गुहार लगाई. पुलिस की जांच में युवती की लोकेशन मुंबई में मिली. आरोप है कि इसपर पुलिसवालों ने ऐसा कारनामा किया कि अब महकमे की किरकिरी हो रही है.

दरअसल, युवती की लोकेशन मुंबई में ट्रेस हुई तो उसे जल्दी बरामद करने का हवाला देते हुए पुलिस ने युवती की मां से हवाई जहाज का टिकट बुक करवा लिया और वापसी के लिए ट्रेन के टिकट के साथ रास्ते के खर्चे के भी पैसे वसूल लिए. इन सबमें युवती के मां के करीब 40



हजार रुपये खर्च हो गए. हालांकि, बाद में पुलिस ने युवती को सकुशल बरामद कर लिया. लेकिन इस बीच युवती की मां का एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें वो इंडिगो की फ्लाइट के टिकट दिखाते हुए पुलिस पर गंभीर आरोप लगा रही है.

खेल

सेमीफाइनल के मुकाबले तय

# भारत का इस टीम से होगा सामना, फाइनल में पाकिस्तान से हो सकता है मैच

**दांबुला, (एजेंसी) बांग्लादेश महिला टीम ने मुर्शिदा खातून (80) और कप्तान निगार सुल्ताना (नाबाद 62) के अर्धशतकों की बदौलत बुधवार को महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट मैच में मलयेशिया को 114 रन से पराजित कर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया जिसमें उसका सामना 26 जुलाई को भारतीय टीम से होगा। वहीं, शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका की भिड़ंत पाकिस्तान से होगी।**

श्रीलंका ने बुधवार को ग्रुप मैच में थाईलैंड को 51 गेंद रहते 10 विकेट से रौंदकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया। अगर सेमीफाइनल में भारतीय टीम बांग्लादेश को और पाकिस्तान की टीम श्रीलंका को हराने में कामयाब रहती है तो महिला एशिया कप के



फाइनल में महामुकाबला देखने को मिल सकता है।

**बांग्लादेश-श्रीलंका की टीमें जीतीं-** बांग्लादेश ने 20 ओवर में दो विकेट पर 191 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके बाद बांग्लादेश ने मलयेशिया को 20 ओवर में आठ विकेट पर महज 77 रन ही बनाने दिए। मलयेशिया इस तरह टूर्नामेंट में अपने अभियान में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सका। दिन के दूसरे मैच में श्रीलंका ने थाईलैंड को 20 ओवर में सात विकेट पर 93 रन ही बनाने दिए। इसके बाद कप्तान चामरी अटापट्टू (नाबाद 49 रन) और विश्मी गुणरत्ने (नाबाद 39 रन) ने यह लक्ष्य 11.3 ओवर में बिना विकेट गंवाए 94 रन बनाकर हासिल कर लिया।

### भारत-बांग्लादेश सेमीफाइनल 26 को

भारतीय टीम नेपाल को 82 रन से हराकर और पाकिस्तान की टीम यूएई को 10 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची थी। अब इन दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच फाइनल मुकाबला देखने को मिल सकता है। हालांकि, दोनों ही टीमें अपने विपक्षी को हल्के में लेने की कोशिश नहीं करेंगी। श्रीलंका की टीम जहां मजबूत मानी जाती है, वहीं बांग्लादेश की टीम भी उलटफेर करने में माहिर है। भारत और बांग्लादेश के बीच पहला सेमीफाइनल 26 जुलाई को भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजे से खेला जाएगा। वहीं, श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच दूसरा सेमीफाइनल उसी दिन शाम सात बजे से खेला जाएगा।

**भारत आठवें खिताब की मिशन पर-** भारतीय महिला क्रिकेट टीम आठवां एशिया कप खिताब जीतने के मिशन पर है। उसने चार खिताब वनडे फॉर्मेट में और तीन खिताब टी20 फॉर्मेट में जीते हैं। महिला एशिया कप की शुरुआत 2004 में हुई थी और टीम इंडिया तब चैंपियन बनी थी। 2008 तक यह टूर्नामेंट वनडे प्रारूप में खेला गया।

सिनेमा

# फिर विवादों में एल्विश यादव, काशी विश्वनाथ मंदिर के रेड जोन में खिंचवाई फोटो, शिकायत दर्ज



यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी 2 के विनर एल्विश यादव की मुश्किल कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. वो पहले से कोबरा कांड में फंसे हैं. इस केस के सिलसिले में उनसे पूछताछ भी चल रही है. ये मामला खत्म भी नहीं हुआ था कि एल्विस एक और नई मुसीबत में फंस गए हैं. उनके खिलाफ वाराणसी में शिकायत दर्ज हुई है. जानते हैं आखिर क्या है ये नया मामला. शुक्रवार (26 जुलाई) को उन्होंने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रतिबंध क्षेत्र में फोटो खिंचवाई. जबकि उस जगह फोटोग्राफी की इजाजत नहीं है. जैसे ही सोशल मीडिया पर एल्विश यादव की तस्वीर सामने आई वैसे ही इसकी शिकायत करने के लिए जिला मुख्यालय पर पुलिस अधिकारी के दफ्तर में शिकायतकर्ता पहुंच गए. वकील शिकायतकर्ताओं ने बाकायदा लिखित तौर पर इसकी शिकायत पुलिस अधिकारी से की. इसके बाद पुलिस ने जांच का आश्वासन भी दे दिया है. मामले की जांच डीसीपी को सौंप दी गई है.

## Highlights

1. **Gurugram man shares video of luxury cars, house submerged after rain**
2. **Congress worker tied to tree, beaten to death in West Bengal; 5 held**
3. **Soldiers ensured India remained safe: Rajnath on Kargil Vijay Diwas**
4. **PM pays tribute to soldiers at Kargil War Memorial on Vijay Diwas**
5. **For peace: UP to SC on order asking eateries to display owners' names on Kanwar route**

# SoftBank-backed Ola Electric suspends India car project to focus on scooters, bikes: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** India's IPO-bound Ola Electric has suspended its electric car launch plans as the Softbank-backed company wants to focus on its e-scooter business, two people with direct knowledge of the decision said.

Ola's founder Bhavish Aggarwal laid out plans in 2022 to launch an electric sports car with an all-glass roof in two years that could reach 100 km per hour within four seconds.

Aggarwal reiterated those plans as recently as Sept. 2023 in an interview with Forbes, but the two sources said the project is now suspended ahead of its planned August IPO, where it is set to raise around $660 million.

Ola's "focus is all on the two-wheeler market, including bikes, and mass electrification is still some time away - you need to have (charging) infrastructure," the first source told Reuters.



The suspension of Ola's plan for electric cars, which could have competed with likes of Tata Motors in the nascent yet fast growing space, shows how challenges such as a lack of charging infrastructure in India weigh on plans.

E-scooters have become popular in the country in recent years and infrastructure has been built fast. Around 483,000 e-scooters were sold this year by June, but that period saw only about 45,000 electric car sales in the world's third-biggest auto market.

One of the sources said Ola's car project has been put off for at least two years as focus remains on two-wheeler sales and battery production.

Ola Electric did not respond to a request for comment.

The company's stock market debut next month will be one of India's biggest IPOs this year.

Ola, though still loss making, has gained a 46% market share in e-scooters in the three years since it was founded, even though it slashed its sales goals last year after Prime Minister Narendra Modi's government reduced some industry incentives.

# JPMorgan launches in-house AI chatbot that can do work of a research analyst: Top points

**NEW DEIHI, (Agency).** JPMorgan Chase has begun rolling out a generative artificial intelligence (AI) product, it was reported. The biggest lender in the United States told its employees that its own version of OpenAI's ChatGPT can do the work of a research analyst, the Financial Times reported. Here are top points on this story:

1. JPMorgan Chase has given its employees access to a large language model called LLM Suite, the report claimed.

2. The LLM will help JP Morgan employees with writing, idea generation and summarising documents, the report




said, FT reported citing an internal memo.

3. JPMorgan started introducing LLM Suite to pockets of the bank earlier this year and about 50,000 employees now have access to it, the report claimed citing people in the know.

4. This comes as Morgan Stanley partnered with OpenAI and rolled out a GenAI powered chatbot last September. The JPMorgan rival said that the chatbot gives financial advisors quick access to all of Morgan Stanley's intellectual capital.

5. Earlier, it was reported that new hires at JPMorgan Chase are being trained to take on the growing potential of artificial intelligence.

6. Mary Erdoes, head of the bank's asset and wealth management division, said, "This year, everyone coming in here will have prompt engineering training to get them ready for the AI of the future."

# वीडियो कॉलिग पर बात करते हुए दे दी जान

## मृतक के भाई ने प्रेमिका पर लगाया आरोप

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। एमआईजी इलाके में रहने वाले एक युवक ने गुरूवार को सुसाइड कर लिया। वह अपनी प्रेमिका से बात कर रहा था। इस दौरान उसने वीडियो कॉलिग करते हुए ही फंदा बनाया और जान दे दी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर युवक का मोबाइल जब्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गौरव(25)पिता श्याम मिश्रा निवासी सोमनाथ की चाल ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। शाम को आसपास के लोगो ने उसे फंदे पर देखा। पुलिस को गौरव के पास से जो मोबाइल मिला है। उसमें उसने आखिरी बार वीडियो कॉलिग में अपनी प्रेमिका से बात की थी। पुलिस को शंका है कि उसने वीडियो कॉलिग के दौरान ही सुसाइड किया है। मोबाइल जब्त कर जांच में लिया पुलिस ने गौरव का मोबाइल जब्त किया है। उसके बारे में पुलिस को जानकारी लगी कि वह परिवार से अलग रहता था। वह डॉग बेचने का काम करता था। वह सोमनाथ महाराज का पोता है। जिनके नाम से पूरी चाल है। उसका एक भाई राउ में रहता है। उसने पुलिस को बयान में बताया कि वह उज्जैन में रहने वाली किसी लडक़ी के साथ लिवइन में बाणगंगा इलाके में रहता था। कुछ समय से दोनो अलग रह रहे थे। लडक़ी गौरव को ब्लैकमेल कर रही थी। उसे किसी केस में फंसाने की धमकी दे रही थी। पुलिस के मुताबिक पूरा मामला जांच में है।

# 4 साल की मासूम दूसरी मंजिल से गिरी, मौत

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। चंदन नगर में रहने वाली एक 4 साल की मासूम दूसरी मंजिल की बालकनी से नीचे आ गिरी। उसे पड़ोसियों ने देखा तो तत्काल जिला फिर एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची के सिर में गंभीर चोट आई थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना नदंन नगर इलाके की है। यहां एक बिल्ड़ीग में किराये के घर में अपने परिवार के साथ रहने वाली 4 साल की आफिया खान हादसे का शिकार हो गई। वह दूसरी मंजिल की बालकनी की रैलिंग पर चढक़र अपने मौसा मौसी को बाय कर रही थी। तभी उसका बेलेंस बिगड़ा वह नीचे गिर गई। परिवार के लोगों ने बताया कि आफिया की एक छोटी बहन है। वह अपनी मां के साथ अंदर कमरे में थी। मां को लगा आफिया बालकनी में खेल रही है। तो उसका ध्यान नहीं था। परिवार के मुताबिक पांच माह पहले ही वह यहां किराये से रहने पहुंचे थे। आफिया के पिता फ्रूट का ठेला लगाते है। दो माह बाद बच्ची का बर्थडे था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक